तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, सोमवार 22 दिसंबर 2025

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4
मनरेगा की जगह नए कानून से गरीबों के रोजगार छीनने का मंडराया खतराः कंवर



## खबर संक्षेप

### नवोदय विद्यालय में प्रवेश परीक्षा संपन्न

**कोरबा।** जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा छठवीं में प्रवेश हेतु आयोजित प्रवेश परीक्षा शनिवार को कोरबा जिले के सभी विकासखंडों के कुल 21 परीक्षा केन्द्रों में शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई। प्राचार्य महोदया ने बताया की आगामी सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 8वीं में कुल 80 सीटों पर प्रवेश के लिए परीक्षा में कुल 6 हजार 133 अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया था, जिनमें से 4 हजार 442 अभ्यर्थियों ने परीक्षा में सहभागिता दर्ज कराई। प्रवेश परीक्षा को लेकर जिला प्रशासन एवं विद्यालय द्वारा सभी आवश्यक व्यवस्थाएँ सुनिश्चित की गई थीं। परीक्षा केन्द्रों पर सुरक्षा, अनुशासन तथा परीक्षा संचालन के लिए पर्याप्त संख्या में पर्यवेक्षक एवं केन्द्राध्यक्षों की नियुक्ति की गई थी। परीक्षा निर्धारित समय अनुसार सुबह 11 बजे से प्रारंभ हुई। अभ्यर्थियों एवं उनके अभिभावकों में परीक्षा को लेकर उत्साह देखने को मिला। परीक्षा समाप्ति के पश्चात अभ्यर्थी संतोषजनक माहौल में अपने-अपने केन्द्रों से रवाना हुए।

### एसईसीएल अधिकारियों को प्रशिक्षण दे रहा आईआईटी

**कोरबा।** आईआईटी आईएसएम के मैनेजमेंट स्टडीज एंड इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट की ओर से एसईसीएल के अधिकारियों को 5 दिवसीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है। बिलासपुर में आयोजित प्रशिक्षण में डॉ.पीएस मिश्रा, सीएमडी एसईसीएल, प्रो.सुकुमार मिश्रा निदेशक आईआईटी धनबाद (ऑनलाइन जुड़े), प्रो.रजनी सिंह, प्रो.जेके पटनायक, प्रो.रश्मि सिंह व प्रो.नीलाद्रि दास सहित अन्य मौजूद थे। प्रशिक्षण कोयला खनन क्षेत्र के लिए नवीनतम परियोजना और वित्तीय प्रबंधन प्रथा और सॉफ़्टवेयर के व्यवहारिक अनुभव देने पर केंद्रित है।

### दिव्यांगजनों के लिए लगा प्लेसमेंट कैम्प

**कोरबा।** उपसंचालक, रोजगार एवं विशेष रोजगार कार्यालय, रायपुर की डॉ. (श्रीमती) शशी अतुलकर द्वारा अवगत कराया गया है कि मूकबधिर/श्रवणबधिर दिव्यांगजनों को रोजगार उपलब्ध कराने हेतु 23 दिसम्बर को एक विशेष रोजगार प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। यह कैम्प सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक विशेष रोजगार कार्यालय , पुराना पुलिस मुख्यालय परिसर, राजभवन के बाजू, सिविल लाइन्स, रायपुर में आयोजित होगा। इस प्लेसमेंट कैम्प में फ्लिपकार्ट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, रायपुर द्वारा एक्सीक्यूटिव असिस्टेंट के 10 पदों पर साक्षात्कार के माध्यम से भर्ती की जाएगी। चयनित आवेदकों को स्कैनिंग, लोडिंग, अनलोडिंग, पैकिंग, पिकिंग एवं शॉर्टिंग से संबंधित कार्य करना होगा।

### युवा उत्सव के विजेता संभाग में दिखाएंगे हुनर

**कोरबा।** राज्य के युवाओं को कला एवं संस्कृति के क्षेत्र में अधिक से अधिक अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से पूर्व वर्षों की भांति वर्ष 2025-26 में भी खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन किया गया। यह आयोजन जिले में 19 एवं 20 दिसंबर को सुबह 10 बजे से शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 1 में संपन्न हुआ। जिला स्तरीय युवा उत्सव में विभिन्न विधाओं में चयनित विजेता प्रतिभागियों को राज्य स्तरीय युवा उत्सव, बिलासपुर में 23 से 25 दिसंबर के मध्य सहभागिता हेतु सम्मिलित कराया जाएगा। राज्य स्तर पर चयनित प्रतिभागी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेंगे। विजेता प्रतिभागी जिनमें लोक नृत्य में थिरमन दास महंत पंथी नृत्य में पोड़ी उपरोड़ा दल, राउत नाचा में पीजी कॉलेज, सुआ नृत्य एवं करमा नृत्य में घोटमार दल, लोक गीत में खुशी, वाद-विवाद में ईशा गुप्ता, कहानी लेखन एवं कविता लेखन में ऋचा स्वर्णकार, चित्रकला में कशिश देवांगन, नवाचार में सृष्टि कांत, एकांकी में लालिमा साहू एवं साथी तथा पारंपरिक वेशभूषा में ऋचा स्वर्णकार शामिल रहे।

# कड़कड़ाती ठंड के बीच कोहरे से हादसे का खतरा, पुलिस ने जारी किया अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कड़कड़ाती ठंड के बीच तापमान लगातार गिरता ही जा रहा है। तापमान गिरने की वजह अलसुबह कोहरा छाया रहता है। जिसकी वजह से सड़कों पर हादसो का खतरा मंडरा रहा है। हालांकि इस तरह के हादसों को रोकने के लिए जिला पुलिस ने एडवाइजरी जारी की है। साथ ही जिला पुलिस के सभी थाना चौकी प्रभारी को कोहरे में हादसे से ना हो इसके लिए सभी को फरमान भी जारी किया गया है।


अलग खबर

उल्लेखनीय है कि पिछले कुछ दिनों से जिले का तापमान लगातार गिरते ही जा रहा है। तापमान गिरने की वजह से लोग ठंड से बचने के लिए तरह-तरह के उपाय कर रहे हैं। ठंड की वजह से खासतौर पर घने वनों की वजह से कई इलाकों में कोहरा छाने लगा है,

## कटघोरा-अंबिकापुर मुख्य मार्ग में सबसे ज्यादा होता है हादसा

**खास बातें**

- कोहरे के कारण सड़कों में बढ़ रही है अदृश्यता
- वाहनों के लाइट नहीं आ रहे हैं काम



ऐसे समय में जिले की सड़कों पर हादसों का खतरा भी बढ़ने लगा है। कटघोरा कटोरा अंबिकापुर मुख्य मार्ग में इस तरह की हादसे होने की ज्यादा संभावना जतायी जा रही है। इसलिए जिला पुलिस ने कोहरे में हादसे ना हो इसके लिए पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने एडवाइजरी जारी की है कि चालकों को ही सजग करना होगा और वाहन चलाते समय वाहन की रफ्तार ज्यादा तेज ना रखें। गाड़ी हमेशा अपनी ही लेन में चलाए, हेडलाइट को लो बीम में रखे, अन्य वाहनों को सचेत रखने के लिए वाहनों पर रिफलेक्टर लगाए। आगे चल रही गाड़ियों से पर्याप्त दूरी बनाए रखे। दूसरे वाहन को ओवर टेक करने से बचे। साथ ही धुंध को रोकने के लिए अन्य विकल्प के उपाय करने होंगे ताकि कोहरा में होने वाले हादसों को रोका जा सके। निश्चिततौर पर जिला पुलिस में यातायात पुलिस द्वारा भी जगह-जगह रेडियम पट्टी भी लगाया जा रहे हैं ताकि रात के समय रेडियम में नजर आए और हादसों से बचा जा सके।

## जाम में फंसी एम्बुलेंस को जनप्रतिनिधियों ने निकाला बाहर

# ट्रेलर चालकों की मनमानी से लोग हलाकान, कुसमुंडा मार्ग पर लगा जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोरबा-कुसमुंडा मार्ग अंतर्गत इमली छापर चौक पर भारी वाहनों की मनमानी की वजह से हर समय जाम की स्थिति बनी रहती है।

**खास बात**

- कोरबा कुसमुण्डा मार्ग पर रोजाना जाम में फंस रहे राहगीर



मार्ग पर लगी जाम व वाहनों की कतार।

शनिवार की शाम लगे इसी तरह के जाम में एक एंबुलेंस फंस गई, जिसमें मरीज को जिला मेडिकल अस्पताल ले जाया जा रहा था। एम्बुलेंस घंटों तक जाम में फंसी रही, जिसके बाद स्थानीय पार्षद एवं अन्य लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद किसी तरह जाम खुलाया ओर एम्बुलेंस को अस्पताल के लिए रवाना किया गयाा।

दरअसल इमलीछापर चौक पर कुसमुंडा पुलिस और एसईसीएल कुसमुंडा प्रबंधन द्वारा यातायात को सुगम बनाने बरसात में एक व्यवस्था बनाई गई थी, जिसके तहत कोरबा की ओर से कुसमुंडा आने वाली भारी वाहन अपने साइड में व्यवसायिक दुकानों से होते हुए चलती थी। वहीं कुसमुंडा से निकलने वाले भारी वाहन इमलीछापर चौक पर थोड़ी दूर आगे चर्च कॉम्पलेक्स के पास से मुड़कर कोरबा की ओर अपनी साइड ने चल रहे थे। इमलीछापर चौक में भारी वाहनों के की आवाजाही बंद कर दी गई थी, केवल हल्के वाहन ही आवाजाही कर रहे थे। परंतु कुछ दिन पूर्व यहां इस व्यवस्था को हटा दिया गया, जिससे कोरबा की ओर से आने वाले भारी वाहन अपने साइड को छोड़कर दूसरी साइड में घुस रहे है और इमलीछापर चौक में जाम की स्थिति बन रही है। जिससे गेवरा, बांकी की ओर से आने वाले वाहन इस जाम में फंस रहे है। दिन के समय तो यह स्थिति कम होती है पर शाम होते ही भारी वाहन अधिक मनमानी करते है, जिससे घंटों जाम लगा रहता है। बीते शाम भी कुछ इसी तरह का इमलीछापर चौक से लेकर कुचेना मोड तक विकराल जाम लगा, जिसमें एक एंबुलेंस फंस गई। ऐसे में मौके पर पहुंचे नगर निगम के पार्षद और कांग्रेसी नेता नवीन कुकरेजा निक्कू ने अपने साथियों के साथ कड़ी मशक्कत कर जाम को खुलवाया, जिसके बाद एंबुलेंस आगे बढ़ पाई। इस तरह की स्थिति का सामना छोटे वाहनों को सबसे ज्यादा झेलना पड़ रहा है। जाम की समस्या से निजात मिलना लोगों के लिए एक समस्या बन गई है। इस समस्या का सबसे बड़ी वजह मार्ग में चल रहे वाहन है, जिसे चालक मनचाहे तरीके से कहीं भी किसी भी जगह खड़े कर देते हैं।

### अंतर्राष्ट्रीय मंगल पाठ और भजनोत्सव 27 से

**कोरबा।** औद्योगिक नगरी कोरबा में नमो नारायणी समिति के तत्वाधान में आगामी 27 और 28 दिसम्बर को भक्ति और आस्था का अनूठा संगम देखने को मिलेगा। शहर के जश्न रिसोर्ट, राताखार में 39वें अंतर्राष्ट्रीय मंगल पाठ और भव्य भजनोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस दो दिवसीय धार्मिक समागम में देश के विभिन्न राज्यों से बड़ी संख्या में दादी भक्त शिरकत करेंगे। उत्सव का शुभारंभ 27 दिसंबर को सुबह 9 बजे श्री पंचदेव मंदिर पुराना बस स्टैंड से होगा। यहां से एक विशाल शोभायात्रा और पालकी यात्रा निकाली जाएगी। इस यात्रा में 601 मनोकामना निशान और 151 कलश आकर्षण का केंद्र रहेंगे। शोभायात्रा शहर के प्रमुख मार्गों पुराना बस स्टैंड, पावर हाउस रोड और सुनालिया ज्वेलर्स से होते हुए जश्न रिसोर्ट पहुँचेगी। शाम 4 बजे से भजन संध्या का आयोजन होगा, जिसमें ख्यातिलब्ध गायक तेजस राणा, मनोज शर्मा, प्रियंका गुप्ता और अपर्णा अग्रवाल अपनी सुमधुर आवाज में दादी का गुणगान करेंगे।

# एसईसीएल मुख्यालय में आयोजित की गई भूविस्थापितों व बोर्ड मेंबरों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

ऊर्जाधानी भूविस्थापित किसान कल्याण समिति व एसईसीएल के बोर्ड मेंबरों के साथ मुख्यालय में आयोजित बैठक में समिति के प्रतिनिधि मंडल ने भूविस्थापितों की समस्याओं को लेकर एसईसीएल के डायरेक्टर पर्सनल और डायरेक्टर तकनीकी से चर्चा की। इस दौरान प्रतिनिधि मंडल ने सरईपाली, बूड़बूड़ और बरौद में दी गई बढ़ी हुई राशि की तरह ही अन्य क्षेत्रों में भी मुआवजा राशि दिए जाने सहित अन्य मांगों को रखी। जिस पर बोर्ड मेंबरों ने अधिकांश विषयों पर विचार करते हुए उचित कदम उठाने का आश्वासन दिया।

**खास बातें**

- ऊर्जाधानी भूविस्थापित किसान कल्याण समिति के प्रतिनिधिमंडल ने भूविस्थापितों की बतायी समस्याएं
- बोर्ड मेंबरों ने अधिकांश मांगों पर विचार कर निराकरण का दिया आश्वासन



बैठक में शामिल प्रतिनिधिमंडल व बोर्ड मेंबर।

उल्लेखनीय है कि ऊर्जाधानी भूविस्थापित किसान कल्याण समिति के एक प्रतिनिधिमंडल ने एसईसीएल मुख्यालय में बोर्ड मेंबर्स के साथ मुलाकात कर भूविस्थापित परिवारों के उत्थान और लंबित समस्याओं के निराकरण के लिए व्यापक चर्चा की। इस दौरान समिति के सदस्यों ने बिरंचि दास डायरेक्टर पर्सनल और रमेश चंद्र महापात्रा डायरेक्टर तकनीकी (पी एंड पी) से मिलकर भूविस्थापितों की समस्याओं पर विस्तृत मांग पत्र सौंपा। बैठक में समिति ने एसईसीएल कोरबा क्षेत्र के सरईपाली-बूड़बूड़ और रायगढ़ क्षेत्र के बरौद में बसाहट राशि में 3 लाख 50 हजार रुपये की अतिरिक्त वृद्धि की मांग पूरी होने पर प्रबंधन का आभार व्यक्त किया। साथ ही समिति ने मांग रखी कि यह बढ़ी हुई राशि एसईसीएल के सभी क्षेत्रों में समान रूप से लागू की जाए तथा किन्हीं कारणवश दस्तावेजी कारण से रोके गए विस्थापन लाभ प्रदान किया जाए। प्रतिनिधि मंडल ने हाईकोर्ट के फैसले के अनुरूप छोटे खातेदारों और अर्जन के उपरांत जन्म लेने वाले पात्र व्यक्तियों को तत्काल रोजगार प्रदान करने, लंबित प्रकरणों का नए और पुराने रोजगार बसाहट और मुआवजे के सभी लंबित मामलों का समय सीमा के भीतर निराकरण, आउटसोर्सिंग कंपनियों में प्रत्यक्ष प्रभावितों को अनिवार्य रोजगार और उनकी सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करना, कंपनी के ठेका ⏭ शेष पेज 3 पर

# दंतैल हाथी कोरबा व करतला रेंज के बार्डर में, ड्रोन से हो रही निगरानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पिछले तीन दिनों से कोरबा वन मंडल में उत्पात मचा रहा दंतैल हाथी बालको रेंज से निकालकर रविवार की देर शाम कोरबा और करतला रेंज के बॉर्डर में डेरा डाला हुआ है। दंतैल हाथी की निगरानी के लिए चार अलग-अलग टीम फील्ड पर तैनात है। साथ ही ड्रोन कैमरे के माध्यम से उसकी ट्रैकिंग की जा रही है।

कटघोरा एवं कोरबा वनमंडल में तीन ग्रामीणों पर हमला कर उन्हें मौत की नींद सुलाने वाला खतरनाक दंतैल हाथी अब शनिवार की रात बालको रेंज से बाहर निकलकर रविवार की शाम कोरबा रेंज और करतला रेंज के बार्डर कहे जाने वाला ग्राम घोटमार पहुंच गया है। दंतैल हाथी के क्षेत्र में पहुंचने से ग्रामीणों में हडक़म्प मच गया है। वहीं वन विभाग द्वारा उसकी

**खास बात**

- करतला रेंज की ओर जाने की है संभावना, प्रभावित गांवों को जारी किया गया अलर्ट

निगरानी बढ़ा दी गई है। दंतैल हाथी की निगरानी में ड्रोन कैमरे के अलावा मैदानी अमले को लगाया गया है, जो लगातार दंतैल की गतिविधियों की जानकारी अधिकारियों को दे रहे है। वहीं आसपास के गांवों में मुनादी कराकर ग्रामीणों को सतर्क करने का अभियान बड़े पैमाने पर शुरू कर दिया गया है। इससे पहले यह दंतैल बालको रेंज के केसला क्षेत्र में शनिवार को दिनभर घुमता रहा। जिसकी वजह से वन विभाग ने कॉफी पाईंट जाने वाले मार्ग को पूरी तरह से बंद कर लोगों की आवाजाही रोक दी थी। शाम होने के बाद दंतैल आगे बढ़ा और रात में जंगल ही जंगल होते हुए कोरबा रेंज की सीमा में प्रवेश करने के बाद बताती होते हुए गेराव पहुंच गया और घोटमार पहुंच गया है। लगातार वन विभाग की टीम हाथी के निगरानी के लिए फील्ड में डेरा जमाई हुई है।

हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 1042. राजू साहू पिता\पति चंद्रकांत साहू पता- डूमर तालाब रायपुर 1043. यामिनी देवांगन पिता\पति श्री जितेन्द्र देवांगन पता - न्यू चंगोरा भाटा रायपुर 1044. संस्कृति सोनकर पिता\पति संदीप सोनकर पता- सत्ती मंदिर सोनकर पारा पुरानी बस्ती रायपुर 1045. एश्वर्या देवांगन पिता\पति मनोज देवांगन पता - भीम नगर 1046. केशव देवांगन पिता\पति श्री प्रशांत देवांगन पता - रायपुर टिकरापारा 1047. श्रीमति सुषमा साहू पिता\पति स्व. श्री वी. आर. साहू पता-पोटिया कला न्यूज़ मिनाक्षी नगर दुर्ग, 1048. निशा प्रसाद पिता\पति राजपत प्रसाद पता-दुर्ग, 1049. कली राम यादव पिता\पति श्री प्रसादी राम यादव पता-बैगा पारा दुर्ग, 1050. योगेश सिंह राजपूत पिता\पति लतेल सिंह राजपूत पता-बजरंग नगर दुर्ग, 1051.लक्ष्य पटेल पिता\पति श्री दुर्गेश पटेल पता-पटेल पारा उरला दुर्ग, 1052. रेवा राम यादव पिता\पति कन्हर यादव पता-कसारीडीह दुर्ग, 1053. देवेन्द्र कुमार साहू पिता\पति भिखम साहू पता-गातापार बेल्हारी दुर्ग, 1054. रामदास मानिकपुरी पिता\पति स्व. बिसम्भर दास पता-टेमरी सुरमा दुर्ग, **बिलासपुर संस्करण -** 1055. प्रांजल वर्मा पिता/पति - संतोष कुमार वर्मा पता - सरगुजा 1056. सुनील मुंडा पिता/पति - राम रतन मुंडा पता- सरना पारा 1057. अनिल कुमार अग्रवाल पिता/पति- निरंजन अग्रवाल पता- जोड़ा पीपल अम्बिकापुर 1058. मेधा गोयल पिता/पति - आयुष गोयल पता - भैयाथान सूरजपुर 1059. ज्ञानेश्वरी एक्का पिता/पति- छबि लाल एक्का पता- बलरामपुर 1060. सना आफ़रीन पिता/पति- अमीन अख्तर पता- जरहागढ़ महामाया रोड 1061. मालवाती सिंह पिता/पति- जगत सिंह पता -नमनकला सटीक पार1062. पंकज राज भगत पिता/पति- इदर साय भगत पता - नायपार फूँदडीह अम्बिकापुर 1063. अलफिया फातिमा सिद्दीकी पिता/पति- मकसूद अहमद पता - बरेजपारा सदर रोड लक्ष्मी चौक 1064. बेनेदीक तिर्की पिता/पति - एलबस तिर्की पता - तुलसी चौक गंगापुर अम्बिकापुर 1065. श्रीमती सीमा केडिया पिता/पति- अजय कुमार केडिया पता - देवीगंज रोड अम्बिकापुर 1066.दीपमाला कुशवाहा पिता/पति - रोशन लाल कुशवाहा पता - केदारपुर अम्बिकापुर 1067. ऋचा दुबे पिता/पति - केनाबन्ध बौरिपारा अम्बिकापुर 1068. सिकंदर दास पिता/पति -मणिपुर चौक अम्बिकापुर 1069. स्नेह लता मेहता पिता/पति - कन्या परिसर रोड कमल भवन अम्बिकापुर 1070. नमन मिश्रा पिता/पति- राजेन्द्र कुमार मिश्रा पता - शीतल किरना स्टोर के पास गंगापुर 1071. रीता केरकेटा पिता/पति- राजेश बरवा पता - गंगापुर स्कूल पारा अम्बिकापुर 1072. वासु गुप्ता पिता/पति - महेंद्र प्रसाद गुप्ता पता - ब्रहम रोड सती पारा अम्बिकापुर 1073. आदिती पिता/पति- रिंकू पता - केंटीन दफई हरदी बाड़ी 1074. ममता मिश्रा पिता/पति - कृष्णा कुमार मिश्रा पता- मिशन चौक अम्बिकापुर 1075. हारून रसीद पिता/पति - मुस्ताक अहमद पता- वार्ड- 36, महामाया रोड 1076. प्रवीण कुमार मिश्रा पिता/पति -कृष्णा कुमार मिश्रा पता- मिशन चौक अम्बिकापुर 1077. शिवंशी सिन्हा पिता/ पति - शिव प्रकाश सिन्हा पता - शीतल वार्ड - 32, अम्बिकापुर 1078. आदित्य एक्का पिता/पति - मंगल एक्का पता - सूरजपुर बस स्टैन्ड 1079. पूनम फातिमा पिता / पति - शिवनाथ पता - अम्बिकापुर 1080. राजकुमार वैष्णव पिता/पति- भगत वैष्णव पता - गंगापुर अम्बिकापुर 1081. अशोक कुमार भगत पिता/पति - भुनेश्वर राम भगत पता - नमनकला राज मोहनी देवी वार्ड ,**भोपाल संस्करण** 1082. अब्दुल लतीफ खान पिता\पति - अनीस उर रहमान कसेरापुरा शाहजानाबाद भोपाल,1083.दिशा जैतवाल पिता\पति–दीपक जैतवाल बैरागढ़कला, 1084. दीपक चौकसे पिता\पति - जमना प्रसाद11लाम्बाखेड़ा, 1085. प्रेम शंकर कोरी पिता\पति - दुर्गा प्रसाद कोरीबाग मुगलिया श्रीराम नगर, 1086. तालिका पटेल पिता\पति - कमलेश पटेल मकान न. 36 नई बस्ती बाग मुगलिया, 1087. सिदरा खान पिता\पति - इजराइल खान193 नयापुरा पंचशील नगर, 1088. आकृति सेन पिता\पति - सुरेन्द्र सेन चार इमली भोपाल, 1089. आदित्य शर्मा पिता\पति - सोमेश शर्मा कृषक नगर, 1090. नेहा विश्वकर्मा पिता\पति - विश्वकर्मा नगर करोद भोपाल, **जबलपुर संस्करण-** 1091. संजय नामदेव पिता\पति - स्वर्गीय राम मिलन नामदेव निगवानी रोड कोतमा वार्ड नंबर 4, 1092. स्मृति द्विवेदी पिता\पति - श्री आलोक नारायण द्विवेदी अनूपपुर वार्ड नंबर 13, 1093. मीमांशा सनादय पिता\पति - प्रणय कुमार शर्मा वार्ड नंबर 9 जैतहरी मार्ग अनूपपुर, 1094. गौरी सोनी पिता\पति - श्री बाला प्रसाद सोनी कोतमा, 1095. आयुष साहू पिता\पति - श्री अजय साहू जबलपुर, 1096. सोनू साहू पिता\पति - समदड़िया ग्रीन सिटी विजयनगर, 1097. अमर चौधरी पिता\पति - आसाराम चौधरी मकान नंबर 93 प्रेम सागर पुलिस चौकी के पास,1098. मकसूद अहमद बरेसपारा अम्बिकापुर 1099. अर्चना चौबे शंकर घाट अम्बिकापुर 1100. अजय कुमार पासवान बनारस रोड गांधीनगर।

नियम एवं शर्तें लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### नए डीआरएम राकेश पदभार ग्रहण करेंगे आज

**बिलासपुर।** रेलवे बोर्ड ने वर्तमान डीआरएम राजमल



खोईवाल की नई नियुक्ति तो अब तक नहीं की है, लेकिन राकेश रंजन का सोमवार को बिलासपुर रेल मंडल के नए डीआरएम का पदभार ग्रहण पक्का हो गया है। राकेश रंजन के स्वागत करने के लिए रेल प्रशासन के अफसरों ने तैयारी भी पूरी कर ली है। रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार पूर्व में रेलवे बोर्ड ने बिलासपुर रेल मंडल के डीआरएम राजमल खोईवाल का ट्रांसफर आर्डर जारी करते हुए वेस्टर्न रेलवे मुम्बई के चीफ सिग्नल इंजीनियर उमेश कुमार को नया डीआरएम का पदभार ग्रहण करने का आदेश दिया था, लेकिन उमेश कुमार ने कुछ तकनीकी दिक्कतों की वजह से बिलासपुर के डीआरएम का पद लेने से इनकार करते हुए बोर्ड को पत्र लिख दिया। बोर्ड ने उमेश कुमार के आवेदन को स्वीकार करते हुए उनके पद को यथावत रखने के बाद एक नया आर्डर निकालते हुए ईस्ट सेन्ट्रल रेलवे हाजीपुर के सिग्नल एंड टेलीकॉम के इंजीनियर आईआरएसएसई राकेश रंजन को डीआरएम का पदभार दे दिया है। यह आदेश सुप्रीम कोर्ट के अंतिम निर्णय के अधीन है। राकेश रंजन सोमवार को बिलासपुर रेल मंडल के डीआरएम का पदभार ग्रहण करेंगे। वहीं वर्तमान डीआरएम राजमल खोईवाल के नए स्थान पर नियुक्ति का आदेश अब तक बोर्ड से जारी नहीं किया गया है, जिसकी वजह से उनके जोन मुख्यालय में किसी पद पर ट्रांसफर किए जाने की संभावना व्यक्त की जा रही है।

### तालाब में महिला की लाश मिलने से सनसनी

**बिलासपुर।** तालाब में एक महिला की लाश मिलने से सनसनी फैल गई है। बहरहाल



पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मृत्यु के कारणों का खुलासा हो पाएगा। पुलिस जांच में जुट गई है। सकरी टीआई विजय चौधरी ने बताया, शनिवार को देर रात सूचना मिली अमेरी के तालाब में एक महिला की लाश तैरते हुए दिखाई दे रही है। पुलिस टीम मौके पर पहुंचकर तालाब से महिला का शव बाहर निकलवाया गया, जिससे उनकी पहचान अमेरी निवासी चंद्रकली कुर्रे पति सुभाष कुर्रे 40 साल के रूप में हुई। वह अपने पति को छोड़कर 20 साल के बेटे के साथ अपनी मां व भाई के घर में रह रही थी। वह शराब पीने की आदी थी। शनिवार की शाम तालाब के पास मृतका को शराब पीते हुए ग्रामीणों ने देखना बताया है। नशे में तालाब में गिरने से मृत्यु होने की संभावना जताई जा रही है। बहरहाल पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मृत्यु के कारणों का खुलासा हो पाएगा। पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है।

### लापता छात्र वृन्दावन में सकुशल मिला

**बिलासपुर।** सीयू का लापता छात्र वृन्दावन में सुरक्षित मिल गया है।




उसके बाद परिजन व पुलिस ने राहत की सांस ली है। 18 दिसंबर को बड़ी कोनी में किराए के मकान में रहकर जीजीयू कालेज में पढ़ाई करने वाला पेंड्रा अमारू का छात्र राहुल यादव पिता दयाराम यादव 19 साल घर में कालेज में प्रोग्राम है कहते हुए देर से आने की बात कहकर निकला था जो रात भर घर नहीं लौटा। चंद्रभान यादव ने छात्र की लापता होने की रिपोर्ट पर लिखाई थी। घर में चेक करने पर मोबाइल बंद मिला। घर से बैग लेकर जाते दिख रहा है। उसलापुर स्टेशन में छात्र बैग रखकर ट्रेन का इंतजार करते दिखाई दिया था। तीसरे दिन परिजन को वृन्दावन गोरीगोपाल आश्रम के पास छात्र राहल यादव सुरक्षित मिला।

**रायपुर से मिली अनुमति** — उच्च स्तरीय स्वीकृति के लिए फाईल आरईसी के समक्ष

# केंदाघाट-कारीआम फोरलेन, नागपुर पहुंचा पांच हजार पेड़ काटने की अनुमति का मामला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

केंदाघाट से कारीआम के बीच 218 करोड़ रूपए की लागत से साढ़े पांच किलोमीटर लंबाई में बनाई जाने वाली फोरलेन सड़क के लिए मार्ग के पांच हजार पेड़ काटने पड़ेंगे। इतनी बड़ी संख्या में पेड़ों की कटाई की अनुमति के लिए प्रकरण नागपुर भेजा गया है। यहां रिजनल इंपावर्ड कमेटी के द्वारा फोरलेन सड़क के लिए फारेस्ट क्लियरेंस जारी किया जाएगा।



केंदाघाट से कारीआम के बीच शासन द्वारा फोरलेन सड़क निर्माण को स्वीकृति प्रदान की गई है। इसके अंतर्गत पीडब्ल्यूडी के नेशनल हाईवे डिवीजन द्वारा 218 करोड़ रूपए की लागत से साढ़े पांच किलोमीटर सड़क बनाई जाएगी। यह मार्ग बिलासपुर एवं मरवाही वनमंडल के अधीन है, जिसमें साढ़े पांच किलोमीटर लंबाई में घने जंगल हैं। सड़क निर्माण के लिए पेड़ों की बड़ी संख्या में कटाई की जरूरत पड़ेगी।

विभागीय जानकारी के अनुसार इस सड़क निर्माण के लिए लगभग पांच हजार पेड़ों की कटाई प्रस्तावित है। इस संबंध में स्वीकृति के लिए विभाग द्वारा प्रकरण नागपुर भेजा गया है। यहां रिजनल इंपावर्ड कमेटी के द्वारा प्रकरण पर अंतिम स्वीकृति प्रदान की जाएगी। कमेटी की बैठक माह के दूसरे सप्ताह में आयोजित की जाती है।

दिसंबर महीने में कमेटी की बैठक में निर्णय नहीं हो पाने की दशा में इस पर जनवरी महीने में नए सत्र की शुरूआत में निर्णय दिया जाएगा। इधर समय बचाने के उद्देश्य से एनएच डिवीजन के द्वारा टेंडर की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है।

### जिला व प्रदेश स्तर पर मिला क्लियरेंस

केंदाघाट से कारीआम के बीच पेड़ों की कटाई के लिए मरवाही एवं बिलासपुर वनमंडल से काफी पहले ही स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। इसके बाद प्रदेश स्तर पर स्वीकृति के लिए प्रकरण अतिरिक्त प्रधान मुख्य वन संरक्षक रायपुर को भेजा गया था। इस आफिस से भी हरी झंडी मिलने के बाद अब प्रकरण उच्च स्तरीय स्वीकृति के लिए प्रकरण नागपुर कार्यालय भेजा गया है।

### सड़क तीन पैकेज में, तीनों अधूरे

रतनपुर से कबीर चबूतरा के बीच शासन द्वारा तीन पैकेजों में सड़क निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई है। इसके अंतर्गत महामाया मंदिर रतनपुर से पांच किलोमीटर आगे से जावस नदी केंदाघाट के बीच सड़क निर्माण की स्वीकृति मिली है, जिसका निर्माण जारी है। इसके बाद दूसरे पैकेज के रूप में केंवची से कारीआम तक सड़क निर्माण स्वीकृत व निर्माणाधीन है। तीसरे पैकेज के रूप में केंदाघाट से कारीआम के बीच अब फोरलेन सड़क बनाने की तैयारी की जा रही है।

### नागपुर भेजा गया है प्रकरण

केंदाघाट से कारीआम के बीच प्रस्तावित फोरलेन सड़क के लिए पेड़ों की कटाई की जानी है। इसके लिए बिलासपुर एवं मरवाही वनमंडल से काफी पहले ही स्वीकृति मिल चुकी है। इसके बाद प्रकरण राज्य कार्यालय को भेजा गया था। यहां से भी स्वीकृति मिलने के बाद अब आरईसी की अंतिम स्वीकृति के लिए प्रकरण नागपुर भेजा गया है।

**-आरके खांबरा,** ईई नेशनल हाईवे डिवीजन

स्थानीय नागरिकों ने घाटों की सफाई, सौदर्यीकरण और पुनर्जीवन की मांग

# मैला हो रहा अरपा का आंचल, बेजाकब्जा और गंदगी, पहचान खो रहे 11 ऐतिहासिक घाट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

न्यायधानी की पहचान कराने वाली अरपा की हालत गटर सी हो गई है और जिले की जीवनरेखा मानी जाने वाली नदी पल पल मर रही है। दूसरी ओर शहर की प्राचीन बसाहट जूना बिलासपुर के अरपा नदी तट पर बने ऐतिहासिक घाट आज उपेक्षा और अव्यवस्था के बीच अपनी पहचान खोते जा रहे हैं। ध्यान रहे कि नदी के किनारे बसा एक जीवंत तटवर्ती गांव था, जहां केवट-मल्लाह समुदाय की बस्तियां अधिक थीं। इसी समुदाय की बिलासा केवंटिन के नाम पर शहर का नाम बिलासपुर पड़ा माना जाता है। फिलहाल हालत यह है कि अरपा नदी की दुर्दशा के साथ-साथ अरपा के घाटों को भी पूरी तरह से दूरावस्था में पहुंचा दिया गया है। मूर्ति विसर्जन और गंदे पानी के बहाव से नदी में प्रदूषण की समस्या बनी हुई है। त्योहारों के बाद घाटों पर, खासकर पचरी घाट पर, पर्याप्त सफाई नहीं होने की शिकायतें आती हैं।

कभी यह घाट शहर की पहचान के साथ शहर की संस्कृति और संस्कार के वाहक थे। स्थानीय लोगों का कहना है कि पहले नदी के घाटों में जहां जीवन सांस लेता था, ये घाट लोगों की दिनचर्या के अहम हिस्सा होते थे। अब लेकिन इन घाटों की चहलपहल गायब हो गईं हैं। अब तो इन घाटों की अवस्था भी पूरी तरह खराब चली है। बेजाकब्जा और गंदगी उपेक्षा के कारण यह घाट अपने अंतिम दिनों की पहुंच गए हैं। जानकारों का कहना है कि यदि समय रहते संरक्षण और पुनरोद्धार की पहल नहीं की गई तो शहर खास तौर पर जूना बिलासपुर की यह सांस्कृतिक विरासत आने वाली पीढ़ियों के लिए केवल इतिहास के पन्नों में सिमटकर रह जाएगी। स्थानीय नागरिकों ने घाटों की सफाई, सौंदर्गीकरण और पुनर्जीवन की मांग करते हुए प्रशासन से तत्काल ध्यान देने की अपील की है।



पचरी घाट...

### गंदगी, झाड़-झंखाड़ और अव्यवस्था

समय बीतने पर हालांकि वर्तमान में इन घाटों की स्थिति बेहद जर्जर हो चुकी है। गंदगी, झाड़-झंखाड़ और अव्यवस्था के कारण ये घाट लगभग विरान और अनुपयोगी हो गए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि घाटों की नियमित सफाई, संरक्षण या सुधार कार्य वर्षों से नहीं हुआ है। कुछ स्थानों पर अवैध कचरा फेंकने की समस्या भी बढ़ गई है। निवासियों का आरोप है कि शासन और स्थानीय प्रशासन इन घाटों की स्थिति से पूरी तरह बेखबर या उदासीन हो चुका है। उनका कहना है कि शहर की इन ऐतिहासिक धरोहरों को संरक्षित किए जाने की जरूरत थी, लेकिन उपेक्षा के चलते वे अपनी मूल पहचान और महत्व खोते जा रहे हैं।

### 70 नाले, नालियों का पानी बह रहा

शहरी क्षेत्र में अरपा नदी में 70 नाले नालियों का पानी बिना ट्रीटमेंट बहाया जा रहा है। कुदुदंड, कोनी, गोंड़पारा, जूना बिलासपुर, तोरवा आदि स्थानों पर नदी में कचरा, मलबे की डंपिंग की जा रही है। वाहनों के जाने के लिए नदी में रास्ता बनाया गया है। ध्यान रहे कि नगर निगम का नल जल विभाग प्रतिदिन 40 एमएलडी पानी शहरवासियों को सप्लाई करता है, इसका 90 फीसदी हिस्सा टायलेट से होकर अरपा में लौट जाता है। महामाया चौक के पास इंदिरा सेतु, अरपा के पुराने पुल, शनिचरी रपटा, गुरुनानक चौक और तोरवा पुल से देखें, तो हर कहीं अरपा में गंदगी, कचरा, मटमैला बदबूदार पानी नजर आता है।

**दैनिक गतिविधियां, पूजा-पाठ, नहाना-धोना:** स्थानीय जानकारों के अनुसार, अरपा नदी के इस तट पर कभी 11 प्रमुख घाट सक्रिय थे। इसमें मोपका नाका घाट, बड़घाट, काली मंदिर घाट, डोंगा घाट, डुमर घाट, जनकबाई घाट, साव धर्मशाला घाट, केंवटपारा घाट, बिलसीया घाट और पचरी घाट प्रमुख हैं। कभी इन घाटों पर स्थानीय लोगों की दैनिक गतिविधियां, पूजा-पाठ, नहाना-धोना, बच्चों का खेलकूद और नदी पार से कृषि उपज लेकर आने वाले व्यापारियों की आवाजाही लगी रहती थी।

### नदी की हो रही उपेक्षा

अधिकारी वर्ग जो शहर की संस्कृति, संस्कार और विरासत से पूरी तरह अनभिज्ञ हैं, वे बेदर्दी से नदी और नदी के घाटों की उपेक्षा कर विकास का ढोल पीट रहे हैं। इसलिए ये घाट पूरी तरह समाप्त हो गए हैं। जब तक इनका संरक्षण और विकास नहीं किया जाएगा शहर की पहचान भी उसी तरह मिट जाएगी।

**- सोमनाथ यादव,** संयोजक अरपा बचाओ अभियान

### योजनाओं पर हो रहा काम

नदी के दोनों किनारों पर हरियाली और विकास के लिए योजनाएं चल रही हैं। एसटीपी और विद्युत लाइटिंग की व्यवस्था पचरी घाट में की गई है। नदी में साल भर पानी रहे इसके लिए पचरी घाट और शिव घाट में बैराज भी बनाए जा रहे हैं। गंदा पानी रोकने के लिए ट्रीटमेंट की व्यवस्था भी की जा रही है।

**- श्रीमती पूजा विधानी,** महापौर

# सागौन लोड की गई गाड़ी वन विभाग ने किया राजसात

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

वन विभाग की टीम ने मुखबिर की सूचना पर 2 लाख की लकड़ी और गाड़ी को जब्त कर लिया है, जिसके आरोपी की तलाश की जा रही है। इस दौरान विभाग ने आरएसी और आरटीओ से संपर्क करने के बाद गाड़ी को राजसात करने की कार्रवाई शुरु कर दी है।

जानकारी के अनुसार टीम को मुखबिर से सूचना मिली थी कि कोटा-बेलगहना मुख्य मार्ग पर एक स्कार्पियो संदिग्ध अवस्था में खड़ी है, जिसपर सागौन की लकड़ी लोड है। सूचना मिलने के बाद बिलासपुर वन मंडल के वन मंडलाधिकारी नीरज कुमार के निर्देशानुसार और उप वन मंडलाधिकारी कोटा अनिल भास्करन के मार्गदर्शन में देर रात गश्त कर रहे बेलगहना के वन परिक्षेत्र अधिकारी देवसिंह मरावी और उनकी टीम ने कक्ष क्रमांक 1202/2470 कोटा बेलगहना मुख्य मार्ग पर एक स्कार्पियो को देखा। वन विभाग की टीम को आते हुए देख स्कार्पियो वाहन का चालक गाड़ी को तेजी से बढ़ाते हुए बेलगहना की ओर भागने की कोशिश करने लगा। गाड़ी का पीछा करते हुए वन विभाग के स्टाफ फाटक पारा करहीकछार पहुंचे, जहां स्कार्पियो क्रमांक सीजी 19 सी 6590 का चालक डोंगरीपारा बस्ती की ओर वाहन लेकर चला गया। गाड़ी का पीछे पहुंची टीम को जंगल मार्ग पहाड़ी के पास वह लावारिस हालत में मिली, जिसे छोड़कर चालक फरार हो गया था। लावारिस हालत में 6 नग लट्ठा, 1 नग सीलपट सहित 7 नग सागौन की लकड़ी लोड थी।

■ 2 लाख की लकड़ी और वाहन जब्त

कक्ष क्रमांक 2470 में वन विभाग की टीम ने जाकर देखा तो वहां 3 नग लट्ठे और मिले, जिसे मिलाकर 10 नग सागौन की जब्ती वन विभाग की टीम ने की। वन विभाग की टीम ने वाहन सहित 2 लाख रुपए की लकड़ी जब्त करने के बाद वन अधिनियम के तहत मामला कायम करते हुए आरोपी की खोजबीन शुरु कर दी है। इस संबंध में कोटा एसडीओ अनिल भास्करन ने बताया कि आरोपी की खोजबीन रेंजर स्तर पर की जा रही है। इसके अलावा गाड़ी सीजी 19 सी 6590 को राजसात करने की कार्रवाई हो रही है, जिसके लिए आरटीओ से भी संपर्क किया जा रहा है।

# दीवार गिरने से मिस्त्री घायल सिम्स में किया गया भर्ती

### रतनपुर के बूढ़ा महादेव मंदिर के पास हुआ हादसा



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रतनपुर के रानीपारा मोहल्ले के घर पर जोड़ाई का काम कर रहे मिस्त्री पर मिट्टी की दीवार गिर गई। इस दौरान मलबे में फंसे होने के कारण मिस्त्री की हालत बिगड़ गई, जिससे तत्काल ही रतनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया, लेकिन डाक्टरों ने उसकी हालत को देखते हुए सिम्स रिफर कर दिया है।

■ मिस्त्री के साथ महिला भी हुई घायल

रतनपुर के रानीपारा बुढ़ा महादेव मंदिर के पास निजी मकान में निर्माण कार्य जारी है। इस दौरान ठेकेदार दीनदयाल निषाद द्वारा काम कराया जा रहा है। रविवार की सुबह जोड़ाई का काम कर रहे मिस्त्री सुंदर सूर्यवंशी पर अचानक भरभराकर मिट्टी की दीवार गिर गई। आसपास के लोग कुछ समझ पाते इससे पहले ही सुंदर मलबे में दब गया। लोगों की मदद से पहले उसके साथ काम कर रही महिला को निकाला गया। इसके बाद सुंदर को बचाया गया। उसे इलाज के लिए रतनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले जाया गया, जहां डाक्टरों ने प्रारंभिक जांच के बाद ही उसे सिम्स रिफर कर दिया।

करीब 12 बजे उसे सिम्स लाया गया, आपातकालीन डाक्टरों ने उसे इलाज के लिए ट्राइएज में भर्ती कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि अभी उसकी हालत स्थिर है।

# चालक ने कार, दो बाइक को टक्कर मारी, दुकान में घुसा

**बिलासपुर।** नशे में स्कार्पियो चालक ने खतरनाक तरीके से एक कार, दो बाइक को टक्कर माकर दुकान में गाड़ी घुसा दी। लोगों ने स्कार्पियो सवार 4 लोगों को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने स्कार्पियो जब्त कर चालक को गिरफ्तार कर लिया है।

रतनपुर टीआई निलेश पाण्डेय ने बताया कि रविवार की शाम 4.30 बजे बिलासपर की ओर से स्कार्पियो क्रमांक सीजी 11 एसी, 1481 में चार लोग कोटा की ओर जा रहे थे। गाड़ी कोटा पिपिरपारा निवासी कृपाल पोर्ते चला रहा था। शनिचारी चौक कोटा मोड़ गाड़ी मोड़ते समय पीछे लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए स्कापियो के चालक ने सामने जा रही कार क्रमांक सीजी 07 बीपी, 2415 को टक्कर मार दी।



उसके बाद तेज रफ्तार से भागने के फेर में दो बाइक को टक्कर मारते हुए अनियंत्रित होकर एक दुकान में घुसा दिया। जिससे आसपास क्षेत्र में हड़कंप मच गया और बड़ी संख्या में लोग एकत्रित होकर स्कार्पियों सवार चारों लोगों को पकड़ लिया। इसी दौरान रतनपुर पुलिस मौके पर पहुंच गई और गाड़ी सहित चारों युवकों को अपने कब्जे में ले लिया। मुलाहिजा कराने पर स्कार्पियो सवार चारों युवक शराब के नशे में पाए गए। हादसे में बाइक सवार एक महिला घायल हुई थी। जो स्वयं इलाज के बाद चली गई है। पुलिस ने सड़क दुर्घटना व शराब पीकर गाड़ी चलाने पर ड्राइवर कृपाल पोर्ते को गिरफ्तार कर गाड़ी जब्त कर लिया है।

### कार की टक्कर से शिक्षक दंपती घायल

सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, सिरगिट्टी अम्बिका विहार निवासी नारायण सिंह श्याम महेन्द्रगढ़ में शिक्षक हैं। 15 दिसंबर को वे अपनी पत्नी संध्या सिंह श्याम के साथ कोनी से घर वापस जा रहे थे। दोपहर 3 बजे प्रताप टाकीज के पास पीछे से आ रही कार क्रमांक सीजी 10 सीबी, 5101 के चालक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे पति पत्नी घायल हो गए हैं।

### तिफरा ओवरब्रिज में कार डिवाइडर से टकराई



पुलिस के अनुसार, शनिवार को देर रात कार क्रमांक सीजी 10 एल, 7717 के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए तिफरा फ्लाईओवर के ढलान में डिवाइडर से टकराकर अनियंत्रित होकर तिफरा की ओर से आ रही कार क्रमांक सीजी 10 बीपी, 0092 को टक्कर मार दी। हादसे में दोनों कार क्षतिग्रस्त हो गई है। डिवाइडर से टकराने पर कार के चालक को मामूली चोट आई है। किसी भी वाहन चालक ने हादसे की रिपोर्ट थाने में नहीं लिखाई है।

### सूने मकान में चोरों का धावा, जेवर नकद ले उड़े

**बिलासपुर।** चोरों ने सूने मकान में धावा बोलकर सोने चांदी के जेवर नकद रकम चोरी कर लिया है। लगातार चोरी के बाद भी पुलिस न तो चोरी रोक पा रही है और चोरों को पकड़ पा रही है। चोरी की वारदातें रात्रि गश्त की पोल खोल रही है। कोनी पुलिस के अनुसार, घुटकू महामाईपारा निवासी मोहन धीवर पिता स्व. खम्हन धीवर 17 दिसंबर को पत्नी के साथ काम के सिलसिले से कोलकाता चले गए थे। घर के दरवाजे में ताला लगाकर उनकी मां व बच्चे अकलतरी चले गए थे। इसी दौरान सूने मकान का फायदा उठाकर चोरों ने धावा बोलकर पेटी से 45 हजार रुपए नकद, सोने की माला, सोने के कान की एक जोड़ी, एक जोड़ी पायल, लच्छा, ब्रेसलेट, अंगूठी, दो जोड़ी बिंदिया, कांसे का बर्तन व आलमारी में रखा 15 हजार रुपए नकद चोरी कर लिया है। 19 दिसंबर को गांव के लोगों ने मोहन धीवर को फोन कर चोरी की जानकारी दी।

# खंजर सहित निगरानीशुदा बदमाश व 4 गुण्डा बदमाश गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पुलिस ने खंजर सहित निगरानीशुदा बदमाश व 4 गुण्डा बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया है।

कोनी टीआई भावेश शेंडे को सूचना मिली कि बिरकोना शराब दुकान के पास निगरानीशुदा बदमाश खंजर रखकर लोगों को धमका रहा है। उन्होंने स्टाफ के साथ मौके पर दबिश देकर निरतू निवासी संजय ध्रुव पिता रामावतार ध्रुव 30 साल को पकड़कर खंजर बरामद कर लिया है। उसके



खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। इसी तरह क्षेत्र में अशांति फैलाने वाले रवि कौशिक पिता स्व. सगरिया कौशिक 26 साल देवनगर, सिद्धांत खरे पिता स्व. दयालदास खरे 22 साल सेंदरी, गोलू मोची पिता फूल सिंह मोची 30 साल तुर्काडीह चौक, दीपक पात्रे पिता रामकुशल 48 साल सेंदरी निवासी को गिरफ्तार धारा 170 के तहत कार्रवाई की गई है।

### युवक पर चाकू से हमला, आरोपी पकड़ से बाहर

शराब के लिए पैसा नहीं देने से एक युवक के साथ मारपीट कर चाकू से हमला कर दिया गया है। घायल युवक को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने हमलावर के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार चिंगराजपारा जानूबाड़ा निवासी राजा वर्मा 20 दिसंबर को रात 11.30 बजे अपने घर जा रहे थे। इसी समय रास्ते में दिनेश जायसवाल उर्फ छोटा उनसे शराब पीने के लिए पैसा मांगने लगा। मना करने पर गाली गलौज कर लात घूंसे से मारपीट करते हुए चाकू से हमला कर दिया। जिससे कमर के नीचे व गर्दन में चोट आई है। खून से लथपथ होकर वह घर गए तो उनकी पत्नी श्रद्धा वर्मा ने उन्हें इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया है। पुलिस ने उनकी पत्नी श्रद्धा वर्मा की रिपोर्ट पर हमलावर दिनेश जायसवाल उर्फ छोटा के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 119, 1, 296, 351, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है। पुलिस हमलावर को नहीं पकड़ पाई है।

# महिला की हत्या करने के बाद चेहरे को पत्थर से कुचला

प्रतापपुर। जिले के चंदौरा थाना क्षेत्र अंतर्गत पहिया-घाट पेंडारी जंगल में एक महिला की लाश मिलने से सनसनी फैल गई है। संभावना है कि पहले महिला की गला दबाकर हत्या की गई और फिर लाश को जंगल में लाकर फेंका गया। हत्यारे ने मृतिका की पहचान छिपाने के लिए उसके चेहरे को पत्थर से बुरी तरह से कुचल दिया है। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा घटना की जांच की जा रही है और लाश को मर्च्युरी में रखा गया है। पुलिस द्वारा मृतिका की पहचान के लिए विभिन्न थानों से सम्पर्क किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि रविवार की की दोपहर चंदौरा थाना अंतर्गत पहिया-घाट पेंडारी जंगल में स्थानीय लोगों ने एक महिला की खून से सनी लाश देखी थी। ग्रामीणों ने जंगल में महिला के लाश की जानकारी पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद चंदौरा थाना प्रभारी मनोज सिंह दलबल के साथ मौके पर पहुंचे। प्रारंभिक जांच में महिला के हत्या की पुष्टि होने के बाद मामले गम्भिता को देखते हुए एसडीओपी व फॉरेंसिक की टीम भी घटनास्थल पर पहुंची।

## खबर संक्षेप

### सुशासन सप्ताह के तहत प्रशासन गांव की ओर अभियान का हुआ आयोजन

**बरपाली।** भारत सरकार के प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग के तत्वावधान में सुशासन सप्ताह– प्रशासन गांव की ओर अभियान का आयोजन 19 से 25 दिसंबर तक किया जा रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य केन्द्र एवं राज्य सरकार के विभिन्न विभागों की सक्रिय भागीदारी से सुशासन को सुदृढ़ करना तथा ग्रामीण स्तर पर नागरिकों की समस्याओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करना है तथा सभी योजनाओं की जानकारी प्रदान कर जनता को जागरूक करना है। इसी तारतम्य में जिले के सभी जनपदों में जनसमस्या निवारण शिविरों का आयोजन किया जाएगा। शिविरों में प्राप्त शिकायतों, मांगों एवं उनके निराकरण की जानकारी प्रतिदिन पोर्टल पर दर्ज की जाएगी। जनपद पंचायत स्तर पर आयोजित होने वाले इन शिविरों के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। सभी शिविरों में जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किए जाने के निर्देश भी दिए गए हैं। सीईओ जिला पंचायत कोरबा दिनेश कुमार नाग ने सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देशित किया है कि निर्धारित तिथियों में शिविरों का आयोजन सुनिश्चित करें तथा प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता से निराकरण करते हुए इस कार्यालय को आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराएं। शिविरों में संबंधित ब्लॉक स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहेंगे ताकि आमजन की समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया जा सके। तिलकेजा जन समस्या निवारण शिविर में विभिन्न विभाग उद्यानिकी विभाग, मत्सय पालन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, राजस्व विभाग, जल संसाधन विभाग, विद्युत विभाग, आजीविका मिशन, सहित अन्य विभागों के स्टाल लगाकर जनता के समस्या का निवारण किया गया और उनको विभागों में संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रदान किया गया।

### टीकाकरण के प्रथम चरण के दौरान 5 वर्ष तक के बच्चों को पिलाई गई दो बूंद जिंदगी की

# शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में पल्स पोलियो अभियान का सफल क्रियान्वयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

केन्द्र सरकार के राष्ट्रीय अभियान के अंतर्गत पल्स पोलियो टीकाकरण के प्रथम चरण का आयोजन रविवार को जिले भर में आयोजित किया गया। इस दौरान 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई गई। अभियान के क्रियान्वयन में स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों के साथ आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन, एएनएम, आशा कार्यकर्ता एवं नर्सिंग छात्राओं की सक्रिय भागीदारी रही।

जिले के प्रमुख स्थानों पर जनप्रतिनिधियों द्वारा बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाकर अभियान का शुभारंभ किया गया। स्वास्थ्य विभाग ने शासन से प्राप्त दिशा निर्देशों के अनुसार शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में अभियान का संचालन किया। बीते कुछ दिनों से अभियान को लेकर व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया, जिससे लोगों में जागरूकता बनी और अभिभावक अपने बच्चों को टीकाकरण के लिए स्वयं आगे आए। अभियान को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए पहले से ही पोलियो ड्रॉप की पर्याप्त व्यवस्था की गई थी। रविवार की सुबह 8 बजे से जिले के सभी सरकारी एवं निजी अस्पतालों, आंगनबाड़ी केंद्रों, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, सामुदायिक भवनों और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर पोलियो बूथ



बच्चे को पोलियो की खुराक देते स्वास्थ्य कर्मी।

लगाए गए। मैदानी अमले ने प्रत्येक बूथ पर बच्चों को दवा पिलाई, ताकि कोई भी बच्चा टीकाकरण से वंचित न रह जाए। शहरी से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक अभियान को लेकर खासा उत्साह देखा गया। अभिभावकों ने बड़ी संख्या में अपने बच्चों को बूथ तक पहुंचाकर अभियान का लाभ लिया। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार जिले में आज की तारीख में 5 वर्ष तक के कुल 1 लाख 72 हजार 423 बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। यदि किसी कारणवश कुछ बच्चे आज छूट जाते हैं, तो उन्हें आगामी दो दिनों में घर-घर जाकर पोलियो ड्रॉप पिलाई जाएगी। देवांगनपारा वार्ड क्रमांक 5 स्थित एक बूथ पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता लाजवंती दीवान, मितानिन कृष्णा देवांगन, एएनएम सुधा बंसोड़, नर्सिंग छात्रा नमिता यादव एवं आशा मिंज द्वारा बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई गई। अभियान को सफल बनाने के लिए जिले में 3 हजार 840 मानव संसाधनों की सेवाएं ली गईं। प्रत्येक बूथ पर बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए कर्मचारियों की तैनाती की गई थी। इसके साथ ही कुछ सामाजिक संगठनों ने भी सहभागिता निभाते हुए स्वास्थ्य विभाग को सहयोग प्रदान किया। जिला अस्पताल के मेडिकल ऑफिसर डॉ. पुष्पेश कुमार ने कहा कि वर्ष 2011 के बाद भारत में पोलियो का कोई नया मामला सामने नहीं आया है, जो देश के लिए बड़ी उपलब्धि है। हालांकि पड़ोसी देशों पाकिस्तान और अफगानिस्तान में लगातार पोलियो के नए मामले सामने आ रहे हैं, इसी को देखते हुए देश में सतर्कता बरती जा रही है। इसी कारण हर वर्ष पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान पर विशेष जोर दिया जाता है, ताकि देश को पोलियो मुक्त बनाए रखने का लक्ष्य बरकरार रहे।

#### नवाडीह उतरदा में पिलाया गया पोलियो ड्रॉप



नवाडीह उतरदा स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में पल्स पोलियो अभियान के तहत बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई गई। कार्यक्रम में पुष्पेन्द्र शुक्ला एवं मुकेश बर्मन ने बच्चों को दो बूंद पोलियो की खुराक पिलाकर अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग से विमल राजपूत उपस्थित रहे। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता यशवंती बर्मन एवं मितानिन रतन यादव ने अभियान को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामवासी भी मौजूद रहे और बच्चों के अभिभावकों ने सहयोग किया। स्वास्थ्य कर्मियों ने ग्रामीणों को पोलियो उन्मूलन के महत्व की जानकारी दी और 0 से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की दवा अनिवार्य रूप से पिलाने की अपील की। आंगनबाड़ी केंद्र नवाडीह में आयोजित यह अभियान उत्साह और जागरूकता के साथ संपन्न हुआ।

#### एचटीपीपी अस्पताल में पिलाई गई दो बूंद जिंदगी की



हसदेव ताप विद्युत गृह अस्पताल कोरबा (पश्चिम) में राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अतिरिक्त मुख्य अभियंता (टी एण्ड एसएस) एमके गुप्ता रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ श्री गुप्ता द्वारा नन्हें बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाकर की गई। रविवार को सुबह से ही एचटीपीपी क्षेत्र के लोग अपने शून्य से 5 वर्ष तक के बच्चों को दो बूंद जिंदगी की पल्स पोलियो ड्रॉप पिलाने बड़ी संख्या में पहुंचे थे। जिसे लेकर विभागीय अस्पताल, शॉपिंग कॉम्प्लेक्स सहित अन्य स्थानों में शिविर आयोजित कर बच्चों को दवा पिलाई गई। इस अवसर पर एसकेगोठी प्रशासकीय प्रभारी हसदेव ताप विद्युत गृह चिकित्सालय तथा डॉ रेणु कौशिक वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि हसदेव आवासीय परिसर और आसपास के क्षेत्रों में शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने के लिए विशेष टीमें गठित की गई है।

#### बेलाकछार में पिलाई गई पोलियो की दवा



बालको बेलाकछार में पल्स पोलियो की खुराक बच्चों को पिलाई गई 0 से 5 साल तक बच्चों को पिलाई जाती है। रविवार को पल्स पोलियो अभियान के तहत बेलाकछार सामुदायिक भवन में पिलाया गया।

आंगनबाड़ी की सरोज द्वारा बच्चों को पोलियो ड्राप पिलाया गया।

#### ग्राम डूडगा में बच्चों को पिलाई गई पोलियो की दवा



स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में पल्स पोलियो अभियान के अंतर्गत पोलियो बूथ कैंप का सफल आयोजन किया गया। अभियान के तहत बूथ क्रमांक 28 में सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक लगातार बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई गई, जिसमें कुल 50 बच्चों को सफलतापूर्वक पोलियो ड्रॉप्स पिलाई गई। स्वास्थ्य विभाग की ओर से अभियान की निगरानी एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सरोज महंत, बबीता यादव, आशा निषाद का सहयोग रहा। मितानीन एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं ने घर-घर जाकर जानकारी देने के साथ-साथ बूथ पर आने वाले अभिभावकों को पोलियो ड्रॉप्स के महत्व के बारे में समझाय। कार्यक्रम में बबलू यादव, विजय दास, रोशन, प्रिंस, बाबी, दुर्गा, मीना, राजू, बाबा का योगदान रहा।

# मोदी की गारंटी को पूरा कर राज्य सरकार ने पूर्ण किया अपना संकल्प : देवांगन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अगुवाई में प्रदेश सरकार ने मोदी की गारंटी को अल्प समय में पूर्ण कर अपने संकल्प को पूरा किया है, हमारी सरकार के 2 वर्ष का कार्यकाल अभी पूर्ण हुआ है तथा इस दौरान एक ओर जहां विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से समाज के सभी वर्ग के लोगों को लाभान्वित किया गया है तो वहीं दूसरी ओर राज्य के सर्वांगीण विकास को गति व दिशा दी गई है। पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी बाजपेयी ने छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण किया था और अब विगत 11 वर्षो से देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी छत्तीसगढ़ को संवारने का कार्य लगातार कर रहे हैं।

उक्त बातें प्रदेश के उद्योग, वाणिज्य, श्रम, आबकारी व सार्वजनिक उपक्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ने नगर निगम के 6 वार्डो में 16 नए विकास कार्यो की भूमिपूजन के दौरान कही। इस दौरान श्री देवांगन के मुख्य आतिथ्य एवं महापौर की अध्यक्षता में निगम



क्षेत्र के विभिन्न स्थानों में 1 करोड़ 87 लाख रूपये के नए विकास कार्यो का भूमिपूजन किया गया। उद्योग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन के मार्गदर्शन व महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत के दिशा निर्देशन में नगर निगम क्षेत्र में लगातार विकास कार्य जारी है, इसी कड़ी में रविवार को निगम के वार्ड क्र. 33, 34, 29, 30 एवं 10, 06 में 1 करोड़ 87 लाख रूपये की लागत वाले 16 नए विकास कार्यो की सौगात दी गई है। उल्लेखनीय है कि विगत शनिवार को निगम के 8 वार्डो को 2 करोड़ 61 लाख रूपये के नए विकास कार्यो की सौगात प्राप्त हुई थी। निगम क्षेत्र की सुदूर बस्ती ढेलवाडीह के साथ ही मुड़ापार, इमलीडुग्गू में आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रमों के दौरान इन विकास कार्यो का भूमिपूजन सम्पन्न कराया गया। श्री देवांगन ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अगुवाई में हमारे छत्तीसगढ़ राज्य की अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ रही है, नए-नए उद्योग, धंधे प्रारंभ हो रहे हैं, रोजगार बढ़ रहा है तथा यहां के नागरिकबंधुओं का जीवन स्तर ऊपर उठ रहा है।

# एनकेएच में मिलेगी संपूर्ण न्यूरो केयर एक ही छत के नीचे

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

**बिजनेस प्लस**

जिले के सुपर स्पेशियलिटी न्यू कोरबा हॉस्पिटल में स्वास्थ्य सेवाओं का दायरा लगातार बढ़ाया जा रहा है। इसी क्रम में अस्पताल के सम्पूर्ण न्यूरो केयर डिपार्टमेंट का शुभारंभ किया है। इसमें अब न्यूरोलॉजी, न्यूरोसर्जरी और न्यूरो फिजियोथैरेपी तीनों सेवाएं एक ही छत के नीचे उपलब्ध हैं, जिससे क्षेत्र के मरीजों को बड़ी राहत मिलेगी। अस्पताल में न्यूरोसर्जन डॉ. शिवानी द्वारा दूरबीन मिनिमली इनवेसिव पद्धति से स्पाइन सर्जरी की सुविधा दी जा रही है। इस आधुनिक तकनीक से सर्जरी के बाद मरीज को कुछ ही दिन के भीतर डिस्चार्ज किया जा सकेगा। न्यू कोरबा हॉस्पिटल में 24 घंटे आपातकालीन सेवा भी उपलब्ध है, जहां देर रात गंभीर मरीज के आने पर भी विशेषज्ञ टीम तत्परता से उपचार शुरू करती है। अस्पताल के डायरेक्टर डॉ.एस चंदानी ने बताया कि न्यूरो संबंधी सर्जरी के लिए अब मरीजों को बड़े शहरों की ओर रुख नहीं करना पड़ेगा। इससे समय, खर्च और परेशानी तीनों में



बचत होगी और कोरबा में ही उच्चस्तरीय न्यूरो केयर संभव हो सकेगा। एनकेएच में आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत पूर्ण उपचार सुविधा उपलब्ध है। इसके साथ ही सभी प्रमुख निजी हेल्थ कार्ड बीमा भी स्वीकार किए जाते हैं। जिले में पहली बार एंडोस्कोपिक स्पाइन सर्जरी की सुविधा शुरू की गई है। यह अत्याधुनिक सर्जरी अब सुपर स्पेशियलिटी न्यू कोरबा हॉस्पिटल में उपलब्ध है। इस तकनीक से बिना बड़े चीरे के दूरबीन द्वारा रीढ़ की हड्डी का ऑपरेशन किया जाता है, जिससे मरीज को कम दर्द होता है. इस सुविधा के शुरू होने से अब कोरबा के मरीजों को स्पाइन सर्जरी के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। न्यूरोलॉजी दिमाग, रीढ़ की हड्डी और नसों से जुड़ी बीमारियों का बिना ऑपरेशन इलाज करने वाली चिकित्सा शाखा है।

# हरि कृष्ण केयर हॉस्पिटल कटघोरा में सीटी स्केन व सोनोग्राफी यूनिट का हुआ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

**हेल्थ प्लस**

कटघोरा विकासखंड के ग्राम हुंकरा में स्थित हरि कृष्ण केयर हॉस्पिटल के नवनिर्मित मल्टीस्पेशलिटी ट्रॉमा सेंटर में सीटी स्केन एवं सोनोग्राफी यूनिट का समारोह सम्पन्न हुआ।

उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए विधायक प्रेमचन्द पटेल ने कहा कि सीटी स्केन और सोनोग्राफी जैसी महत्वपूर्ण जांच सुविधाओं के शुभारंभ से अब स्थानीय लोगों को बेहतर और त्वरित चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध होंगी। उन्होंने कहा कि अब तक कटघोरा नगर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के मरीजों को गंभीर जांच और इलाज के लिए बिलासपुर या रायपुर जाना पड़ता था, जहां उन्हें महंगे दरों पर उपचार कराना पड़ता था। हरि कृष्ण केयर हॉस्पिटल में इन आधुनिक यूनिटों के शुरू होने से मरीजों को अपने ही क्षेत्र में उच्चस्तरीय चिकित्सा सुविधा मिलेगी, जिससे समय और धन दोनों की बचत होगी। उन्होंने बताया कि इस हॉस्पिटल में आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत गरीब एवं जरूरतमंद वर्ग के लोगों को निःशुल्क इलाज का लाभ मिलेगा। कार्यक्रम में



जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. पवन सिंह ने कहा कि क्षेत्र में आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार होना आम जनता के जीवन स्तर को बेहतर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर हॉस्पिटल की डायरेक्टर सुनीता हरि दिवाकर, अजय धनोंदिया, हसन अली शशिकांत डिक्सेना, शारदा पाल, अमित जायसवाल, इखलाक शेख, अरविंद शर्मा, मुकेश गोयल, मुरलि साहू, वविष्णु यादव, विवेक मार्कण्डेय, जितेंद्र गुप्ता सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। हरि कृष्ण केयर हॉस्पिटल के डॉ. कृष्ण कुमार कंवर एवं डॉ. हरि दिवाकर ने आभार जताते हुए कि भविष्य में भी हॉस्पिटल में और अधिक आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं जोड़ी जाएंगी, ताकि क्षेत्र के लोगों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं निरंतर मिलती रहें। कार्यक्रम का सफल संचालन हसन अली के द्वारा किया गया। इस अवसर पर कटघोरा विधायक प्रेमचन्द पटेल, मुख्य अतिथि व जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. पवन सिंह, राज जायसवाल अध्यक्ष नगर पालिका, रतन मित्तल पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका, डा अनिल प्रताप सिंह, सुषमा रवि रजक सदस्य जिला पंचायत व सभापति, रामप्रसाद कोराम सदस्य जनपद पंचायत, सरपंच श्रीमती गणेश्वरी कंवर, बजरंग बिंझवार एवं ज्योत्ति भूषण पोर्ते, विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

## शिक्षक फेडरेशन में हुए शामिल सर्व शिक्षक संघ के पदाधिकारी एवं सैकड़ों सदस्य

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन के प्रांतीय अध्यक्ष रवींद्र कुमार राठौर के कुशल मार्गदर्शन में प्रांतीय महासचिव तरुण वैष्णव एवं प्रदेश महामंत्री नोहर चन्द्रा के निर्देशन पर जिला अध्यक्ष विनोद सांडे के नेतृत्व में विपिन यादव ने अपनी पूरी टीम के साथ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन की सदस्यता ग्रहण की। इनके फेडरेशन में शामिल होने से सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन कोरबा पहले से और ज्यादा मजबूती के साथ कार्य करेगा। सहायक शिक्षक फेडरेशन हमेशा शिक्षक हित में कार्य करते हुए ब्लॉक से लेकर प्रदेश स्तर तक शिक्षकों की मांगों को लेकर सड़क की लड़ाई लड़ी है और आगे भी जारी रहेगी। जिसके परिणाम स्वरूप आज शिक्षक पदोन्नत हो रहे हैं फेडरेशन की सक्रियता एवं विभिन्न गतिविधियों से प्रभावित होकर कोरबा जिले में अन्य संघ से संबंध रखने वाले शिक्षक फेडरेशन में शामिल हो रहे हैं।

## पृष्ठ 1 का शेष

### एसईसीएल मुख्यालय में...

कार्यों में 20 लाख रुपये तक के कार्य भूविस्थापितों के लिए आरक्षित करना, इसके अतिरिक्त चार पहिया वाहनों के समस्त ठेके भूविस्थापितों को प्राथमिकता पर देना स्वरोजगार के लिए महिलाओं और युवाओं को विशेष अनुदान और अवसर प्रदान करने, प्रभावित क्षेत्रों के मुख्य मार्गों पर शॉपिंग कॉम्प्लेक्स का निर्माण कर उन्हें भूविस्थापितों को आवंटित करना पुनर्वास गांवों की समस्याओं का तत्काल निराकरण करने, खदान बंद होने की स्थिति में जमीन संबंधित किसानों को वापस करना समिति द्वारा पूर्व में हुए समझौतों के पालन में हो रही देरी पर भी कड़ी आपत्ति दर्ज कराई गई। चर्चा के दौरान प्रबंधन के अधिकारियों ने समिति की मांगों को गंभीरता से सुना और अधिकांश विषयों पर विचार करते हुए उचित कदम उठाने का आश्वासन दिया। ऊर्जाधानी भूविस्थापित किसान कल्याण समिति के अध्यक्ष सपुरन कुलदीप ने स्पष्ट किया कि हमारी संगठन भूविस्थापितों के हक की लड़ाई जारी रखेंगे और यह सुनिश्चित करेंगे कि विकास की प्रक्रिया में जमीन देने वाला किसान हाशिए पर न रहे। उन्होंने कहा कि अब सीएसआर और डीएमएफटी में हो रही धांधली के खिलाफ हाईकोर्ट में जनहित याचिका के माध्यम से उठाये जाने की तैयारी की जा रही है। प्रतिनिधि मंडल में रुद्रदास महंत, अनुसुईया राठौर, ललित महिलांगे, संतोष चौहान, तिरिथ राम, केशव, चंदन सिंह बंजारा, शत्रुहन करपे सहित अन्य शामिल थे।



## खबर संक्षेप



### पठियापाली में टेनिस बॉल प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**मड़वारानी।** करतला क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पठियापाली (भांठापारा) में जूनियर क्लब टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मैच के उद्घाटन के अवसर पर करतला जनपद अध्यक्ष श्रीमती अशोका कंवर उपस्थित रही जिन्होंने सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों के साथ श्रीफल तोड़कर एवं फीता काटकर क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। जनपद अध्यक्ष ने टॉस कराकर मैच प्रारंभ कराया। इस दौरान ग्राम पंचायत पठियापाली के सरपंच श्रीमती त्रिवेणी गेंदराम कंवर एवं अन्य जनतिनिधिगण उपस्थित रहें। मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष श्रीमती अशोका कंवर ने सभी खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन करते हुए खेल भावना के साथ खिलाड़ी के कर्तव्यों का पालन करते हुए प्रतियोगिता में भाग लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि युवा वर्ग को अच्छे स्वास्थ्य के लिए नियमित खेलकूद पर ध्यान देना चाहिए वहीं ग्रामीणों के लिए अच्छा मनोरंजन का साधन भी है।

### विनायक पब्लिक स्कूल बांकीमोंगरा में मनाया गया वार्षिकोत्सव



**कोरबा।** विनायक पब्लिक स्कूल बांकीमोंगरा में विद्यालय का चतुर्थ वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष श्रीमती सोनी विकास झा रहीं। समारोह का शुभारंभ उनके द्वारा दीप प्रज्वलन एवं मां सरस्वती की वंदना के साथ किया गया। वार्षिकोत्सव के दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक शानदार प्रस्तुतियां दीं। देशभक्ति गीत एवं नृत्य ने दर्शकों में जोश और उत्साह भर दिया। समारोह के दौरान शैक्षणिक सत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों तथा खेलकूद व अन्य गतिविधियों में अव्वल रहे छात्रों को मुख्य अतिथि श्रीमती सोनी विकास झा एवं अन्य अतिथियों के हाथों सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि झा ने विद्यालय के अनुशासन, शिक्षण व्यवस्था और विद्यार्थियों की प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षा के साथ-साथ ऐसे सांस्कृतिक आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं।

### श्रीगुरु हरकिशन पब्लिक स्कूल में वार्षिक उत्सव का हुआ आयोजन

**कोरबा।** श्रीगुरु हरकिशन पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल में शनिवार को वार्षिक उत्सव समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश मंत्री सुश्री रितु चौरसिया उपस्थित रहीं। सांस्कृतिक महाकुंभ में स्कूली बच्चों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण छत्रपति शिवाजी और संभाजी पर आधारित ऐतिहासिक नाटक रहा, जिसने दर्शकों में जोश भर दिया। वहीं देवों के देव महादेव की प्रस्तुति ने वातावरण को भक्तिमय कर दिया। विद्यार्थियों ने पंजाबी, राजस्थानी, कश्मीरी और छत्तीसगढ़ी लोक नृत्यों के माध्यम से मिनी इंडिया की तस्वीर पेश की, जिसकी दर्शकों ने खूब सराहना की। रंगारंग कार्यक्रमों की श्रृंखला में छोटे बच्चों द्वारा दी गई रंग-बिरंगी प्रस्तुतियों और हास्य कार्यक्रमों ने उपस्थित लोगों को हंसने पर मजबूर कर दिया।

## निधन

### श्रीमती एचपी सिंह



**कोरबा।** अग्रसेन मार्ग दुरपा रोड निवासी श्रीमती एचपी सिंह 94 वर्ष का निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार आज सुबह 11:30 बजे मेनोनाइट चर्च के कब्रिस्तान में किया जाएगा। वे अपने पीछे पुत्र रवि पी सिंह, राजेंद्र पी सिंह और राजकमल राजेश सिंह समेत पूरा परिवार छोड़ गई हैं।

# वन नेशन वन एजुकेशन अंतर्गत शिक्षकों ने सीखा नवाचार

## रंगारंग कार्यक्रम के साथ संपन्न हुआ पांच दिवसीय प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

अलग खबर

सेजस मदनपुर रजकम्मा हाई स्कूल में एफएलएन अंतर्गत पांच दिवसीय प्रशिक्षण का समापन अतिथि व्याख्याता विनोद जायसवाल, प्रशिक्षण प्रभारी अनिल जगत, जीवन सिंह मरकाम, पवन पैकरा, मनोहर पैकरा, ओंकार साहू, कुमुदिनी राम की उपस्थिति में किया गया।

समूचे राष्ट्र के लिए तैयार एकीकृत नवीन पाठ्यपुस्तक की बुनियादी भाषा और संख्या ज्ञान की बारीकियों एवं बच्चों को प्रभावी ढंग से पढ़ाने के लिए शिक्षकों के लिए पांच दिवसीय प्रशिक्षण रखा गया था। प्रथम दिवस एफएलएन की अवधारणा एवं एनसीईआरटी की पुस्तकों से परिचय द्वितीय दिवस एलएसआर डब्ल्यूइ एल पी एस एंड प्रैक्टिकल सेशन, तृतीय दिवस आकलन एवं मूल्यांकन तकनीक के ज्ञान अन्तर्गत मासिक अर्द्धवार्षिक, वार्षिक मूल्यांकन, चतुर्थ दिवस कार्ड बेस्ट ट्रेनिंग सह प्रैक्टिकल सेशन पंचम दिवस निपुण भारत मिशन और भविष्य की रणनीति पर प्रशिक्षक श्रद्धा शर्मा, पुष्पलता भार्गव, राजकुमारी साहू एवं यामिनी दुबे ने बखूबी प्रकाश डालते हुए मनोरंजक वातावरण प्रदान किया। प्रशिक्षण की सतत मॉनिटरिंग डाइट से पाली ब्लॉक प्रभारी जसप्रीत फ़्लोरा, नवीन पाठ्यपुस्तक डीआरजी ज्योति श्रीवास, उत्तरा साहू, लव कुमार चौहान विकासखंड पाली से सहायक खंड शिक्षाधिकारी मनीराम मरकाम, बीआरसी आरजी जायसवाल के द्वारा की गई। विभिन्न संकुल से पहुंचे शिक्षकों ने अपने प्रतिवेदन में बताया कि प्रशिक्षण अत्यंत प्रभावशाली रहा। अंतिम में पारंपरिक नृत्य राउत नृत्य, पंथी नृत्य, सुवा नृत्य की सुंदर प्रस्तुति से सभी अभिभूत हुए। कार्यक्रम का संचालन रवि चंद्रा ने एवं आभार जीवन सिंह मरकाम ने किया।

**खास बातें**

- बच्चों को प्रभावी ढंग से शिक्षित करने दिया गया प्रशिक्षण
- हर ब्लॉक में चलेगा प्रशिक्षण कार्यक्रम



## मनरेगा का नाम बदलने को लेकर कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन

# मनरेगा की जगह नए कानून से गरीबों के रोजगार छीनने का मंडराया खतरा: कंवर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी कोरबा द्वारा रविवार को जिला कांग्रेस कार्यालय के समक्ष बैठक आयोजित कर केन्द्र की भाजपा सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान पूर्व विधायक पुरूषोत्तम कंवर ने बताया कि केन्द्र की भाजपा सरकार मनरेगा की जगह नया कानून लाकर व्हीबी जी राम जी कर दिया है। इस नये कानून से गरीबों के रोजगार के अधिकार छीन जाने का खतरा मंडरा रहा है। जबकि रोजगार के अधिकार मनरेगा के तहत करोड़ों ग्रामीण परिवारों को रोजगार मिलता था।

इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के जिला अध्यक्ष मनोज चौहान ने कहा कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम की जगह विकसित भारत जी राम जी करते हुए इस योजना से महात्मा गांधी का नाम हटाने का काम किया गया है। श्री चौहान ने कहा कि लगभग 20 वर्ष पहले पूर्व प्रधानमंत्री डॉ.मनमोहन सिंह ने क्रांतिकारी कदम उठाते हुए रोजगार के अधिकार योजना मनरेगा योजना को धरातल पर उतारा था। जिसका फायदा आर्थिक रूप से कमजोर करोड़ों ग्रामीण परिवारों को मिलते आ रहा था, पर मोदी सरकार को गरीब ग्रामीणों के रोजी-रोजी से तथा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी से कोई सरोकार नहीं रहा है। पूर्व सभापति श्याम सुंदर सोनी ने कि कि मनरेगा योजना महात्मा गांधी के स्वराज के सपने का जीवंत रूप था। करोड़ों ग्रामीणों की जिंदगी का सहारा बना हुआ था। यह योजना कोविड काल में भी ग्रामीणों के लिए आर्थिक सुरक्षा कवच साबित हआ था। मगर भाजपा सरकार को यह योजना पसंद नहीं आया, मोदी सरकार इस योजना का नामो-निशान मिटाने पर अमादा है। विरोध प्रदर्शन के दौरान प्रदेश कांग्रेस सचिव विकास सिंह, पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष गजानंद साहू, अनुसूचित जाति के जिला अध्यक्ष नारायण कुर्रे, सेवादल अध्यक्ष प्रदीप पुरायणे, युवा कांग्रेस अध्यक्ष राकेश पंकज, पूर्व सभापति धुरपाल सिंह कंवर, इंटक पदाधिकारी मनहरण राठौर, ब्लॉक अध्यक्ष संतोष राठौर, बसंत चंद्रा, पार्षद बद्री किरण, गीता गभेल, अनुज जायसवाल, सुभाष राठौर, अविनाश प्रेमलता बंजारे, पूर्व पार्षद मनीष शर्मा, मनकराम साहू, मस्तुल कंवर, सुरती कुलदीप, देवीदयाल सोनी, प्रदीप जायसवाल, संतोष लांझेकर, जिला उपाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह ठाकुर, मंडल अध्यक्ष डॉ.एलपी साहू, जवाहर निर्मलकर, वरिष्ठ कांग्रेस नेता लक्ष्मीनारायण देवांगन, ए डी जोशी, जे पी नामदेव, सचिव प्रमोद श्रीवास, गुड्डु थवाईत, एफ डी मानिकपुरी, पोषक दास महंत, भुनेश्वरी दास, राजेश्वर प्रसाद यादव, शांता मंडावे, द्रोपती तिवारी, संजू अग्रवाल, सुरेश पटेल, प्रवीण ओगरे, अमीन अंसारी, डॉ. डीआर नेताम सहित उपस्थित सभी कांग्रेसजनो ने एक स्वर में इस जनविरोधी बिल का विरोध किया और कहा कि आने वाले दिनों में हम गांव की गलियों से सांसद तक विरोध के आवाज बुलंद करेंगे। जैसे तीन काले कानून को मोदी सरकार वापस लेने को मजबूर हुए थे ठीक वैसे ही इस कानून को भी वापस लेने के लिए मोदी सरकार को मजबूर कर देंगे। कार्यक्रम के प्रारंभ में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया गया, नमन किया गया तत्पश्चात बैठक की कार्यवाही प्रारंभ किया गया। बैठक के अंत में सभी कांग्रेसजनों ने सड़क पर उतरकर आंदोलन करते हुए सरकार के विरूद्ध नारेबाजी की।



विरोध प्रदर्शन करते कांग्रेसी।

### महात्मा गांधी के विचारों से भाजपा को नफरत: सुरेन्द्र

इस दौरान प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सुरेन्द्र प्रताप जायसवाल ने कहा कि मनरेगा का नाम बदलने से लगता है कि महात्मा गांधी के विचारों से और गरीबों के अधिकारों से मोदी सरकार को नफरत हो गई है, जो योजना करोड़ों गरीब ग्रामीणों के लिए रीढ़ की हड्डी की तरह कारगार हो ऐसे लोक कल्याणकारी योजना के साथ छेड़छाड़ किया जाना यही सिद्ध करती है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश राठौर ने कहा कि यह नया बिल महात्मा गांधी के आदर्शों का अपमान है। मोदी सरकार ने पहले ही भयंकर बेरोजगारी से भारत के युवाओं का भविष्य तबाह कर चुके हैं और इस बिल से करोड़ो ग्रामीण गरीबों की सुरक्षित रोजी-रोटी को खत्म करने का जरिया बना रहे हैं।

# तेज रफ्तार स्कूटी हुई अनियंत्रित एक किशोर की मौत, एक घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दो छात्र अपनी स्कूटी में सवार होकर अपने गांव से समीप के गांव घूमने गए हुए थे जहां से वापस लौटने के दौरान उनकी तेज रफ्तार स्कूटी वाहन अनियंत्रित हो गई और वह सड़क पर गिर गए। हादसे में दोनों को गंभीर चोटें आयी थी जिन्हें उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया था। जहां इलाज के दौरान एक छात्र की मौत हो गई है, जबकि दूसरे का उपचार चल रहा है।

मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दिया है। जानकारी के अनुसार करतला थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बांदापाली निवासी कमलेश रठिया 15 वर्ष पिता झंडा सिंह राठिया और उसका दोस्त विकेश रठिया विगत दिनों अपनी स्कूटी में सवार होकर अपने गांव के सीमा पर स्थित ग्राम पीड़िया गए हुए थे जहां से वापस लौटने के दौरान बीच रास्ते में ग्राम तुर्री कटरा के समीप उनकी स्कूटी वाहन अनियंत्रित हो गई और दोनों मोटरसाइकिल से नीचे गिर पड़े थे जिसके बाद कमलेश रठिया और विकेश रठिया को उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया था। रविवार को इलाज के दौरान कमलेश रठिया की मौत हो गई है। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर जांच शुरु कर दिया है।

**खास बातें**

- करतला थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बांदापाली का मामला
- दोनों गांव के समीप स्थित पीड़िया गए थे, जहां से लौटते समय हुई घटना

### सड़क हादसे में घायल दूसरे व्यक्ति की मौत

कटघोरा थाना क्षेत्र के तानाखार मार्ग पर शनिवार को सड़क हादसा हुआ था। एक अल्टो कार और डीजल टैंकर की आमने-सामने टक्कर हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि अल्टो कार पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई थी। हादसे में कार चला रहे व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि हादसे में चार लोग गंभीर रुप से घायल हो गए थे, जिन्हें उपचार के लिए बिलासपुर रेफर किया गया था। बताया जाता है कि रविवार को हादसे में गंभीर रुप से घायल सूरजपुर निवासी तौकीर खान उम्र 24 वर्ष की भी इलाज के दौरान बिलासपुर में मौत हो गई है। जबकि एक व्यक्ति की शनिवार को मौत हो गई थी। इस मामले को लेकर कटघोरा थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी ने बताया कि दूसरे व्यक्ति की मौत की अधिकृत पुष्टि नहीं हुई है। मर्ग डायरी आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी।

# चरित्र सत्यापन के नाम पर रिश्वत की डिमांड, प्रधान आरक्षक निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पदस्थ एक प्रधान आरक्षक ने चरित्र सत्यापन के नाम पर एक युवक से रकम की डिमांड की थी। शिकायत सामने आते ही पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए रिश्वत मांगने वाले प्रआर को निलंबित कर दिया है। जानकारी के अनुसार सीएसईबी चौकी क्षेत्र अंतर्गत ढ़ोढ़ीपारा निवासी दीपक साहू 21 वर्ष पिता गौरीशंकर साहू ने लिखित में शिकायत की थी कि चरित्र सत्यापन प्रतिवेदन के नाम पर कार्यालय में उपस्थित एक व्यक्ति के द्वारा उनसे एक हजार रूपये की मांग की गई है, जिसे देखकर पहचान लेगा, लेख किया गया है। शिकायत की गंभीरता एवं संवेदनशीलता को देखते हुए शिकायत पत्र की जांच उप निरीक्षक प्रमोद चंद्राकर से कराई गई। जांच के दौरान दीपक ने अपने कथन में बताया कि चरित्र सत्यापन के नाम पर डीएसबी शाखा में पदस्थ प्रआर सूर्यकांत द्विवेदी के द्वारा एक हजार रूपये की मांग की गई है। प्रआर सूर्यकांत द्विवेदी जो कि अनुशासित विभाग का सदस्य है। विभागीय नियमों, निर्देशों की भलीभांति जानकारी होने के बावजूद भी चरित्र सत्यापन कार्य में अवैध रकम की मांग करना पुलिस सेवा आचरण नियम के प्रतिकूल, कर्तव्य के प्रति घोर लापरवाही, अनुशासनहीनता, कर्तव्यविमुखता, स्वेच्छाचारिता एवं संदिग्ध कार्यशैली प्रदर्शित करने के लिये प्रआर सूर्यकांत द्विवेदी को निलंबित कर दिया गया है।

**खास बात**

- सीएसईबी चौकी क्षेत्र के ढोढ़ीपारा निवासी युवक ने की शिकायत

# न्याय पाने की आस में भूविस्थापितों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

औद्योगिक प्रगति की चकाचौंध के बीच अपने पूर्वजों की जमीनों से बेखर हजारों परिवारों की पीड़ा एक बार फिर प्रशासन के द्वार तक पहुंची है। कलेक्टर कुणाल दुदावत के कार्यभार संभालते ही ऊर्जाधानी भूविस्थापित किसान कल्याण समिति के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात कर जिले के भूविस्थापितों की दशकों पुरानी लंबित समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा।

उल्लेखनीय है कि कि एसईसीएल, एनटीपीसी, सीएसईबी और बालको जैसे बड़े औद्योगिक घरानों की स्थापना के लिए स्थानीय ग्रामीणों और आदिवासियों ने अपनी पूर्वजों की पैतृक भूमि का त्याग किया था। समिति ने कलेक्टर को अवगत कराया कि वर्तमान में यह परिवार न केवल अपनी पहचान खो चुके हैं, बल्कि रोजगार, उचित पुनर्वास और बुनियादी नागरिक सुविधाओं (बसाहट) के अभाव में एक अनिश्चित भविष्य से जूझ रहे हैं। समिति ने कलेक्टर से आग्रह किया है कि विस्थापन से संबंधित जटिल शिकायतों की त्वरित समीक्षा के लिए एक विशेष सेल का गठन किया जाए। इसके साथ ही प्रभावितों की सीधी सुनवाई के लिए विशेष जनसुनवाई आयोजित करने का भी प्रस्ताव दिया गया है। समिति का मानना है कि जिला प्रशासन को औद्योगिक प्रबंधनों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर विस्थापितों को उनका वाजिब हक दिलाना चाहिए। समिति के अध्यक्ष सपुरन कुलदीप ने कहा कि मूलभूत अधिकारों और सुविधाओं के अभाव में जिले के आदिवासियों, पिछड़े वर्गों और विशेष रूप से युवाओं के बीच गहरा आक्रोश पनप रहा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि नए जिलाधीश के संवेदनशील और कुशल नेतृत्व में न केवल जिले का विकास होगा, बल्कि विकास की बलि चढ़े मूल निवासियों को भी न्याय मिलेगा। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल में विजयपाल सिंह तंवर, रुद्रदास महंत, अनुसुईया राठौर, संतोष कुमार चौहान, श्रीकांत सोनकर एवं ललित महिलांगे सहित अन्य उपस्थित रहे।



कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते भूविस्थापित।

### महुआ पेड़ से गिरकर अधेड़ की मौत

**कोरबा।** विगत दिनों एक अधेड़ व्यक्ति महुआ पेड़ पर लकड़ी काटने के लिए चढ़ा हुआ था। जहां पैर फिसलने की वजह से पेड़ उपर से नीचे गिर गया जिससे उसे गंभीर चोट लगी। परिजनों ने उसे उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया था जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार पड़ोसी जिला सक्ति के नगरदा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बरपाली कला निवासी सुरेश कुमार 41 वर्ष पिता रमेशलाल सिदार 17 दिसंबर की दोपहर गांव के समीप स्थित महुआ पेड़ पर लकड़ी काटने के लिए चढ़ा हुआ था। जहां लकड़ी काटने के दौरान उसका पैर फिसल गया और वह ऊंचाई से नीचे गिर गया। परिजनों ने उसे उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया था जहां इलाज के दौरान सुरेश कुमार की मौत हो गई है। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

*__कोरबा।__ डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल खरमोरा में 19 से 20 दिसंबर तक आयोजित वार्षिक खेल महोत्सव केवल एक खेल आयोजन न होकर अनुशासन, समर्पण, टीम भावना एवं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का जीवंत उदाहरण बनकर उभरा। दो दिनों तक विद्यालय परिसर खेल भावना, उल्लास, ऊर्जा और आत्मविश्वास से सराबोर रहा, जहां नन्हें एलकेजी के बच्चों से लेकर कक्षा 12वीं तक के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

## कोरबा विधानसभा स्तरीय संगठनात्मक बैठक सम्पन्न

# भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी, हर कार्यकर्ता संगठन की रीढ़: केशरवानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी है, जहाँ प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ है। आगामी चुनावों को ध्यान में रखते हुए बूथ स्तर तक संगठन को और अधिक मजबूत करना होगा। केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुँचाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

उक्त बातें जिला संगठन प्रभारी अनिल केशरवानी ने कोरबा विधानसभा स्तरीय संगठनात्मक बैठक के दौरान कही। यह बैठक जिले के नवनियुक्त जिला संगठन प्रभारी अनिल केशरवानी के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। बैठक में उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन, भाजपा जिला अध्यक्ष गोपाल मोदी, जिला सह प्रभारी ब्रजेन्द्र शुक्ला, महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत एवं पूर्व महापौर जोगेश लांबा उपस्थित रहे। इस दौरान उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश आत्मनिर्भरता की ओर तेज़ी से बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना आम नागरिकों के लिए वरदान है। सभी कार्यकर्ता स्वयं इस योजना का लाभ लें और आम जनता को भी प्रेरित करें, जिससे बिजली बिल में राहत के साथ स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा मिले। भाजपा जिला अध्यक्ष गोपाल मोदी ने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता राष्ट्र सेवा की भावना से कार्य करता है। संगठनात्मक एकजुटता, अनुशासन और निरंतर जनसंपर्क ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है। कोरबा विधानसभा में भाजपा को और सशक्त बनाने के लिए सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता पूरी निष्ठा से जुटे रहें। जिला सह प्रभारी ब्रजेन्द्र शुक्ला ने कहा कि संगठन की मजबूती बूथ स्तर पर सक्रियता से आती है। कार्यकर्ताओं को नियमित बैठक, प्रशिक्षण और जनसंवाद के माध्यम से जनता के बीच सरकार की उपलब्धियों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करना होगा। बैठक में एमआईसी सदस्य हितानंद अग्रवाल, अशोक चावलानी, जिला महामंत्री संजय शर्मा, जिला उपाध्यक्ष योगेश जैन, अजय विश्वकर्मा, जिला कोषाध्यक्ष अजय पांडेय, लक्की नंदा, प्रफुल्ल तिवारी, नवीन अरोरा, कमला बरेठ, अर्जुन गुप्ता, शैलेन्द्र यादव, अजय चन्द्रा, मंडल अध्यक्ष योगेश जैन, डिलेन्द्र यादव, डॉ. राजेश राठौर, मनोज लहरे, मनीष मिश्रा, प्रीति स्वर्णकार, सरजू अजय, प्रदीप सिंह, उदय श्रीवास्तव, नीरज ठाकुर, राकेश नागरमल अग्रवाल, सूरज पांडेय, प्रकाश अग्रवाल, राजेश लहरे एवं संजीव कुमार शर्मा सहित अन्य भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



बैठक के दौरान उपस्थित अतिथि एवं भाजपा पदाधिकारी।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780